नीतीश मिश्रा
पूर्व मंत्री
बिहार सरकार

सदस्य
बिहार विधान सभा

Ref: 95/2021
Dt- 01-03-2021

अध्यक्ष,
बिहार राज्य पुल निर्माण निगम,
पटना।

विषयः– **मधुबनी जिलान्तर्गत झंझारपुर स्थित कमला–बलान नदी पर निर्माणाधीन उच्च स्तरीय आर0सी0सी0 पुल के कार्य पूर्ण कराने के संबंध में।**

महाशय,

मधुबनी जिलान्तर्गत मेरे विधानसभा क्षेत्र झंझारपुर स्थित कमला–बलान नदी पर निर्माणाधीन उच्च स्तरीय आर0सी0सी0 पुल का निर्माण कार्य 26 अगस्त 2015 में बिहार राज्य पुल निर्माण निगम द्वारा शुरू किया गया था। एकरारनामा में कार्य 2017 में ही पूरा होना था लेकिन साढ़े पाँच वर्ष बीत जाने के उपरांत अभी भी पुल के तीन पीलर का निर्माण शेष है।

यह पुल पथ निर्माण विभाग की महत्वपूर्ण सड़क पर स्थित है, जो झंझारपुर अनुमंडल को जोड़ने का काम करती है। अनुमंडल के पश्चिमी भाग जो कमला–बलान नदी के कारण झंझारपुर से अलग हो गया है। नदी के पश्चिमी क्षेत्र में झंझारपुर प्रखंड के 17 पंचायतो में से 11 पंचायत पड़ता है, जहाँ के लोगों को झंझारपुर पहुँचने के लिए लम्बी दूरी तय करनी पड़ती है।

अतः अनुरोध है कि जनहित में उक्त निर्माणाधीन पुल के निर्माण कार्य पूर्ण कराने हेतु आवश्यक कार्रवाई करना चाहेंगे।

शुभकामनाओं के साथ!

भवदीय
Nitish Mishra
(नीतीश मिश्रा) 1.3.21

बिहार राज्य पुल निर्माण निगम लि०
V Kaushik
02/03/21
MAR 2021
7, सरदार पटेल मार्ग, पटना-15

112, कौटिल्य नगर, पटना 800014
Tel. : 0612 222 6263 Fax : 0612 222 5218 E-mail : nitishmishraoffice@gmail.com
/NitishMishraOfficial @mishranitish www.jhanjharpur.co.in